दैनिक यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नासिक से एक साथ प्रकाशित

व्यापार और साझेदारी को लेकर हुआ उच्चस्तरीय मंथन

यशोभूमि/प्रतिनिधि

मुंबई। भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश और दीर्घकालिक आर्थिक साझेदारियों को मजबूत करने के लिए मुंबई स्थित एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय संवाद कार्यक्रम

भारत और कनाडा के बीच निवेश पर दिया जोर

तीन दशकों में भारत आया सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल

आयोजित किया गया। इस दौरान भारत और कनाडा के बीच आर्थिक सहयोग को नई दिशा देने पर व्यापक चर्चा हुई। कार्यक्रम में कनाडा के मनिटोबा प्रांत के लोक सेवा वितरण मंत्री मिंटू संधू और व्यापार, खनन, रोजगार सृजन मंत्री माननीय जेमी मोसेस ने विशेष रूप से भाग लिया। इसके साथ ही, 'टीम कनाडा ट्रेड मिशन' के तहत आए लगभग 300 प्रतिनिधियों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भी इसमें शिरकत की। यह पिछले तीन दशकों में भारत आया कनाडा का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल है। कार्यक्रम के दौरान भारत और कनाडा के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर मुंबई ने 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर विन्निपेग' और 'अल्बर्टा-इंडिया चैंबर ऑफ कॉमर्स' के साथ दो महत्वपूर्ण



30.4 बिलियन डॉलर तक पहुंचा द्विपक्षीय व्यापार

कार्यक्रम में व्यापारिक संभावनाओं के विस्तार पर चर्चा हुई। एमवीआईआरडीसी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के अध्यक्ष डॉ. विजय कलंत्री ने बताया कि वर्ष 2025 में दोनों देशों के बीच वस्तुओं और सेवाओं का द्विपक्षीय व्यापार लगभग 30.4 बिलियन कनाडाई डॉलर तक पहुंच गया है। नवीनीकृत राजनयिक प्रयासों और कॉम्प्रिहेंशिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट की दिशा में प्रगति से वर्ष 2030 तक व्यापार में भारी उछाल आने की उम्मीद है। तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एग्रीटेक, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्र दोनों देशों के बीच सहयोग के अपार अवसर प्रदान करते हैं।